आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 10.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को राजनीति में शामिल होना चाहिए।
- संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के अगले गवर्नर होंगे।
- द्वीपसमूह के सभी स्कूल प्रबंधन की ओर से दो दिवसीय मेगा अपार दिवस मनाया जा रहा है।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के समक्ष कल पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से पहल प्लस पर जानकारी दी गई।
- अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक बैठक श्री विजयपुरम में आयोजित की गई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यही समय है, जब युवाओं को राजनीति में शामिल होना चाहिए और दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। अहमदाबाद में रामकृष्ण मठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए श्री मोदी ने मानव जाति की भलाई के लिए, आध्यात्मिकता और स्थिरता के बीच सही संतुलन पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में सामाजिक उत्थान में संतों के योगदान को याद किया और भारत के विकास में रामकृष्ण मिशन के योगदान की सराहना की।

<><><><><><><>

संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के अगले गवर्नर होंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने संजय मल्होत्रा के नाम को मंजूरी दी है। उन्हें कल से तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। उन्नीस सौ नब्बे बैच के राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वे शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के सभी स्कूल प्रबंधन की ओर से कल से दो दिवसीय मेगा अपार दिवस मनाया जा रहा है। अपार के माध्यम से विद्यार्थियों की शिक्षा के विकास और अकादमिक रिकॉर्ड में पारदर्शिता को सुनिश्चित किया जाता है। इसमें छात्रों की दक्षता को बढ़ाने, धोखाधड़ी को कम करने और छात्रों के समग्र विकास के लिए सह–पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को शामिल करने में सहायता मिलती है।

अपार, छात्रों को गतिशीलता को सुगम बनाने, शैक्षणिक लचीलापन बढ़ाने और अपनी पसंद के शिक्षण को चुनने का अधिकार देता है। अपार पहचान सभी प्रकार के मामलों के लिए उपयोगी है, जिसमें एक स्कूल से दूसरे स्कूल में स्थानांतरण, प्रवेश परीक्षा, दाखिला, नौकरी के लिए आवेदन और कौशल विकास जैसी सुविधाएं शामिल है। स्कूल स्तर से ही क्रेडिट पहचान और स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाती है। शिक्षा विभाग ने द्वीपसमूह के सभी स्कूलों के छात्रों के लिए आपार जेनेरेशन का कार्य शुरू किया है, जिसमें चौरानब्बे दशमलव आठ चार प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे द्वीपसमूह को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

<><><><><><><>

बाजरा और बाजरा आधारित खाद्य उत्पादों के उपभोग को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बेकरी संचालक, किराना दुकान मालिक, अन्य खाद्य विक्रेता, स्वयं सहायता समूह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बाजरा आधारित खाद्य पदार्थ पौष्टिक, स्वस्थ और स्वादिष्ट होने के कारण स्वयं सहायता समूह को बेकरी, किराना और अन्य खाद्य विक्रय दुकानों के माध्यम से बाजरा आधारित खाद्य पदार्थों की बिक्री करने की सलाह दी गई। खाद्य व्यवसाय संचालकों को सलाह दी गई कि वे अपने आउटलेट में बाजरा आधारित उत्पादों के प्रदर्शन के लिए एक अलग कोना निर्धारित करें। इस पहल का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के साथ–साथ ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देना है। खाद्य व्यवसाय संचालकों को अपने खाद्य व्यवसाय परिसर की सामान्य स्वच्छता की स्थिति की नियमित रूप से निगरानी करने, खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग और लेबलिंग की जांच करने और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अन्य सभी उपाय करने की भी सलाह दी गई। सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को कहा गया है। कि वे अपने परिसर का ऑडिट कराते रहें तथा खाद्य व्यवसाय संचालन में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक बैठक हाल ही में श्री विजयपुरम में आयोजित की गई। इस बैठक में डॉ. के चन्द्रशेखरन को वर्ष दो हजार चौबीस से दो हजार छब्बीस तक के लिए अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का अध्यक्ष चुना गया है और मदन लाल को महासचिव बनाया गया है। यश प्रहलादका को युवा शाखा का अध्यक्ष और जुबैदा बेगम को महिला शाखा का अध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. के चन्द्रशेखरन ने अपने संबोधन में ए एन सी सी आई की भविष्य की योजना के बारे में चर्चा की।

इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रहलादका ने ए एन सी सी आई की उपलब्धियों के बारे में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष राजेश पुरिया ने वित्त वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस का ऑडिट रिपोर्ट पेश किया। बैठक में खुला सत्र के दौरान सदस्यों ने ए एन सी सी आई के व्यवस्था में और सुधार के लिए अपने सुझाव भी रखे।

<><><><><><><>

जहाज़ एम. वी. कैम्पबेल–बे के कल श्री विजयपुरम से मायाबंदर होते हुए डिगलीपुर के लिए यात्रा कार्यकम को स्थगित और संशोधित किया गया है। अब यह जहाज़ बारह तारीख को शाम सात बजे सीधे डिगलीपुर के लिए रवाना होगा और तेरह तारीख को सवेरे आठ बजे डिगलीपुर से इसकी यात्रा मायाबंदर होते हुए श्री विजयपुरम के लिए होगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे संशोधित कार्यक्रम के अनुसार उसी टिकट के साथ एम.वी.कैम्पबेल–बे की यात्रा कर सकते है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह मे इस वर्ष सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक द्वीप पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी मैदान में पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव के दौरान स्टॉलों का आवंटन भी किया जाएगा। सामान्य स्टॉलों के लिए इच्छुक उद्यमी को आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है। आवदेन फार्म सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>